**मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा एवं पीएम ई-बस सेवा की शुरुआत पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई**

# हम जो कहते, करके भी दिखाते हैं : डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश की बहुप्रतीक्षित मांग शासकीय बसों के संचालन के पूरा होने पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा एवं पीएम ई-बस सेवा के माध्यम से अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रदेशवासियों को परिवहन की सौगात दी गई है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि 25 सितंबर को मध्य प्रदेश के नागरिकों, विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के जीवन में सुगम परिवहन से सहज परिवर्तन लाने की दिशा में ऐतिहासिक शुरुआत हुई है। पिछले दो दशकों में शासकीय बसों का संचालन बंद होने से ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन का अभाव बना हुआ था। दूर-दराज के कई गांव मुख्य सड़कों से कट गए थे और गरीबों, किसानों तथा छात्र-छात्राओं को आवागमन के लिए सीमित साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में भी इस सेवा को शुरू करने का उल्लेख किया था। शुक्रवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ सेवा का शुभारंभ कर इस संकल्प को धरातल पर साकार किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार को राज्यभर में 1,500 बसों से शुरू हुई इस सेवा को वर्ष 2029 तक 15,000 बसों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि प्रदेश के हर व्यक्ति तक सुगम बस की सुविधा पहुंच सके।



## मुख्यमंत्री ने एशियन गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स-2026 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने पुरुष कबड्डी टीम को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत ने फाइनल में ईरान को 40-34 से हराकर एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की और देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने भारतीय महिला कबड्डी टीम को भी स्वर्ण पदक जीतने पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की बेटियों ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए देश का मान बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने स्क्वैश के मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीतने वाली जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों की लगातार सफलता से देश गौरवान्वित है। महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली तिलोत्तमा सेन, विदर्शा विनोद कोचलुमकल और आशी चौकसे को भी मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि निशानेबाजी में यह सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है।

# मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के नियम बदले

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले राज्य सरकार ने निर्वाचन नियमों में बदलाव किया है। महापौर के चुनाव के लिए जमानत राशि बढ़ाकर 32 हजार रुपये और नगरपालिका अध्यक्ष के लिए 24 हजार रुपये कर दी गई है। साथ ही चुनावी खर्च का हिसाब रखने और प्रस्तुत करने के नियम भी स्पष्ट किए गए हैं।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मध्य प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 में संशोधन की अधिसूचना जारी की है। नए नियमों के अनुसार नामांकन दाखिल करने की समय-सीमा सात दिन से कम नहीं होगी। सातवां दिन सार्वजनिक अवकाश होने पर अगले कार्यदिवस को नामांकन की अंतिम तारीख माना जाएगा। एक पद के लिए प्रत्याशी के एक से अधिक नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। महापौर, नगरपालिका और नगर परिषद अध्यक्ष तथा पार्षद पद के उम्मीदवारों को चुनावी खर्च के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में अलग खाता खोलना होगा। नामांकन के समय इस खाते की जानकारी रिटर्निंग अधिकारी को देनी होगी। चुनाव से संबंधित सभी प्राप्तियां और खर्च इसी खाते के माध्यम से दर्ज किए जाएंगे।

निर्वाचन व्यय में नामांकन दाखिल करने की तारीख से मतगणना की तारीख तक किया गया संबंधित खर्च शामिल होगा। उम्मीदवारों को खर्च का पूरा लेखा और आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखने होंगे। निर्धारित समय में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कार्रवाई की जा सकती है।

# नवीन आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी की तैयारियों की समीक्षा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 अक्टूबर 2026 को किया जाना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर पुलिस मुख्यालय, भोपाल के कॉन्फ्रेंस हॉल में विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रदर्शनी की रूपरेखा, विभिन्न विभागों की सहभागिता तथा अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई। बताया गया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को नवीन आपराधिक कानूनों के प्रावधानों तथा अपराध की घटना से लेकर न्याय मिलने तक की पूरी प्रक्रिया को सरल, सहज एवं रोचक तरीके से समझाना है। प्रदर्शनी में पुलिस की कार्यप्रणाली को चरणबद्ध तरीके से दर्शाया जाएगा। इसमें थाने अथवा राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 में सूचना प्राप्त होने, घटनास्थल पर पुलिस एवं एफएसएल टीम के पहुंचने, साक्ष्य संकलन, वैज्ञानिक विवेचना, सीसीटीएनएस, मालखाना एवं अन्य डिजिटल व्यवस्थाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। अभियोजन की भूमिका, जिला न्यायालय में प्रकरण की कार्यवाही, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी तथा उच्च न्यायालय में अपील की प्रक्रिया भी दिखाई जाएगी। वीडियो, डिजिटल स्क्रीन, पोस्टर, मॉडल एवं अन्य माध्यमों से तकनीक और वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। साइबर अपराध, एफएसएल और आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्थाओं से संबंधित सामग्री भी प्रदर्शित होगी।

प्रदर्शनी में पुलिस की उपलब्धियों, विभिन्न अभियानों, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान और जनजातीय विरासत की झलक भी शामिल होगी। प्रदर्शनी लगभग पांच दिनों तक चलेगी और 3 अक्टूबर से आम नागरिकों के लिए संचालित की जाएगी।



## मुख्यमंत्री ने मंडला जिले में हुई दुर्घटना पर जताया गहन दुःख

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला जिले के हीरापुर गांव में गणेश पंडाल में हुए हादसे में चार युवकों के असामयिक निधन पर गहन दुःख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने 'एक्स' पर सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार शोकाकुल परिजन के साथ है। उन्होंने सभी मृतकों के निकटतम परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस दुःखद घटना में घायल हुए युवकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

### डॉ. यादव ने दुःख व्यक्त

मुख्यमंत्री ने धार जिले के बदनावर में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डेलची रोड स्थित नदी के पास तीन बच्चों की डूबने से मृत्यु की दुर्घटना पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि दुर्घटना अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है।

# नर्सिंग परीक्षा परिणाम जारी होने पर विद्यार्थियों ने शुक्ल का जताया आभार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नर्सिंग विद्यार्थियों के लंबे समय से लंबित परीक्षा परिणाम घोषित होने से प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को राहत मिली है। परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई, प्रवेश और करियर से जुड़ी बाधाएं दूर हुई हैं। विद्यार्थियों एवं प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने रीवा में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने नर्सिंग विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए न्यायालय के समक्ष छात्र हित का पक्ष मजबूती से रखा। न्यायालय के आदेश के पालन में परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। सरकार विद्यार्थियों के हितों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नर्सिंग विद्यार्थियों ने कहा कि परीक्षा परिणाम लंबित होने के कारण उन्हें आगे की पढ़ाई, उच्च कक्षाओं में प्रवेश और करियर संबंधी योजनाओं को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। परिणाम घोषित होने से उन्हें राहत मिली है और आगे की शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन के सदस्यों विनय शुक्ला, डॉ. सुमन सिंह परिहार, डॉ. जीएल पटेल सहित अन्य संचालकों एवं विद्यार्थियों ने उप मुख्यमंत्री से भेंट की। प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की शिवप्रकाश ने की समीक्षा

**नप्र, भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन से प्रेरित होकर मध्य प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत करीब 13 प्रमुख सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने शनिवार को मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यक्रम सहित सेवा कार्यों को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कार्यक्रमों की समितियों, संयोजकों और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सेवा कार्यों की जानकारी ली तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के सुझाव लिए। महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आवश्यकताओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। अभियान का उद्देश्य सेवा कार्यों को समाज की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़कर व्यापक रूप देना है।







मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com